भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2255

जिसका उत्तर शुक्रवार, 1 अगस्त, 2025/10 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों के लिए यार्ड का निर्माण

2255. श्री वीरेन्द्र सिंह:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या चंदौली के लिए एक हजार टन उर्वरक की आवश्यकता है क्योंकि चंदौली एक कृषि प्रधान जिला है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या किसानों को कृषि हेतु उर्वरक खरीदने के लिए अन्य जिलों में जाना पड़ता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार किसानों की समस्याओं को कम करने के लिए राजस्थान के सरेसर में पूर्व-निर्धारित स्थान पर यार्ड का निर्माण करने का विचार रखती है; और
(घ) यदि हां, तो उक्त यार्ड का निर्माण कब तक होने की संभावना है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): उर्वरक विभाग का अधिदेश राज्य स्तर पर उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है। तथापि, राज्य के अंदर जिला स्तर पर उर्वरकों का वितरण राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। तदनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार चंदौली सहित राज्य के सभी जिलों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों का पर्याप्त मात्रा में आवंटन किया गया है।

(ख): उपर्युक्त (क) को देखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ): राजस्थान सरकार ने सूचित किया है कि सरेसर इस राज्य में स्थित नहीं है। इसके अतिरिक्त, उपलब्ध जानकारी के अनुसार, सरेसर उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में स्थित है। तदनुसार, उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरेसर में यार्ड के निर्माण का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

****